13 OCT 3 2026.qxd 12-10-2026 23:05 Page 1


सपा-कांग्रेस मुद्दाविहीन, जनता का इन्हें समर्थन नहीं- केशव

प्रदेशके उप मुख्यमंत्रीने विपक्षी दलोंके आंदोलनको बताया नौटंकीबाजी, कहा- विपक्ष के लोग जनादेश नहीं सहन कर पा रहे

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों के आंदोलन को नौटंकीबाजी करार दिया। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस दोनों दल मुद्दाविहीन है, इन्हें देश की जनता का समर्थन नही प्राप्त है। दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सरकिट हाउस में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। कहा कि दोनों दल मुद्दा विहीन है।इंडी गठबंधन ऐसे मुद्दे को उठाना चाहता है, जो मुद्दा है ही नहीं। डिप्टी सीएम ने कहा अगर किसी मतदाता की मृत्यु हो गई है तो उसका नाम मतदाता सूची में नहीं होना चाहिए, किसी मतदाता का दो जगह अगर मतदाता सूची में नाम है तो उसे एक ही जगह होना चाहिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि आगामी दिनों में यूपी समेत अन्य राज्यों में चुनाव होना है, इस लिए गैर जरूरी मुद्दों को उठाकर चर्चा में बने रहने के लिए ऐसे मुद्दों को उठाया जा रहा है। लेकिन इनके मुद्दों की हवा निकल चुकी है और जनता इन्हें नकार चुकी है।

डिप्टी सीएम ने विपक्ष के आंदोलन को नौटंकी बाजी करार दिया। कहा कि देश की जनता इनकी नौटंकी बाजी को कत्तई स्वीकार नहीं करेगा।देश की जनता का भरोसा इंडी गठबंधन खो चुका है, इन्हें देश की जनता का समर्थन नहीं प्राप्त है। डिप्टी सीएम ने कहा कि विपक्षी दलों के नेता जनादेश सहन नही नहीं कर पा रहे है।विपक्ष देश के विकास और गरीब के बेटे का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना पच नहीं रहा । उन्होंने कहा कि जनता के हितों के लिए काम करने के बजाय बेबुनियाद मुद्दों को हवा देना कांग्रेस, सपा और आप के अलावा टीएमसी का चरित्र हो चुका है।पहले चुनाव आयोग फिर सरकार और अब सर्वोच्च न्यायालय को बेबुनियाद मुद्दों में घसीटने का इंडी गठबंधन का यह घटिया रवैया है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि ये तय है कि कांग्रेस, सपा, आप और टीएमसी आने वाले दिनों में भी हारते रहेंगे और बीजेपी जीतती रहेगी। क्योंकि जनता की सेवा कर रही है और विपक्ष गैर जरूरी प्रोपेगेंडा फैला रहा है।



मां कल्याणी देवी एवं ललिता देवीका भव्य श्रृंगार।

मंदिर परिसरमें कराया बच्चोंका मुंडन संस्कार

सोमवार के कारण नगर एवं ग्रामीण अंचल के भक्तों ने बड़ी संख्या में अपने बच्चों का मुण्डन संस्कार मां अलोपीशंकरी, मां कल्याणी देवी एवं मां ललितादेवी मंदिर परिसर में कराया। मां कल्याणी मंदिर के मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि मंगलवार तृतीया को मां कल्याणी जी का श्रृंगार भगवती चन्द्रघंटा के स्वरूप में किया जायेगा। माँ सिंह के ऊपर विराजमान रहेंगी। उनके १० भुजा में अनेक अस्त्र, शस्त्र रहेंगे। सोने, चांदी के आभूषणों, पुष्पों तथा मेवा के द्वारा श्रृंगार किया जायेगा।

मांके ब्रह्मचारिणी स्वरूपका किया दर्शन-पूजन, लगाये जयकारे

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने अलोपशंकरी मंदिर, मां कल्याणी एवं मां ललिता देवी सहित सभी देवी मंदिरों में मां ब्रह्मचारिणी स्वरूप का दर्शन-पूजन किया। देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। देवी मंदिरों में सुबह मइया के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का पूजन करके दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। मां अलोपशंकरी, मां ललिता देवी, मां खेमा मायी एवं मां कल्याणी देवी सहित हर देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। मां के दरबार में मत्था टेककर मनावांछित फल प्राप्ति की कामना की। घर एवं मंदिरों में शाम को महिलाओं ने मंगल गीत गाकर मां को रिझाया।

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन सनातन धर्मावलंबियों ने नौ दिन व्रत का संकल्प लेकर अभिजित मुहूर्त में घट (कलश) की स्थापना की। कलश के नीचे मिट्टी में जौ बोया, कलश में गंगाजल भरकर उसके ऊपर आम का पल्लव, पान-सुपाड़ी रखकर रक्षासूत्र से बांधा। प्रथम दिन मां के शैलपुत्री स्वरूप का पूजन हुआ, दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। मइया की कृपा प्राप्ति के लिए अखंड ज्योति जलायी। नवरात्र के दूसरे दिन भी भोर से संगम में स्नान आरंभ हो गया। संगम के अलावा गंगा एवं यमुना के पवित्र जल में हजारों लोगों ने डुबकी लगाई। देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन करने वालों का तांता लगा रहा। मां अलोपशंकरी में मां के पालने में मत्था टेकने के लिए सुबह से भक्तों की कतार लगी रही। मां को नारियल, चुनरी एवं श्रृंगार का सामान अर्पित करके आशीष लिया। वहीं मीरापुर स्थित प्राचीन राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी सिद्धपीठ मां ललिता देवी मंदिर में माता के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का बहुरंगी फूलों से अलौकिक एवं भव्य श्रृंगार किया गया। फूलों से सजा दरबार देखते ही बन रहा था। पूरा मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। प्रातःकाल माँ की मंगला आरती के साथ दिन का शुभारंभ हुआ।

सुबह से ही मंदिर में नारियल, चुनरी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही, जो देर रात्रि तक जारी रही। सायंकाल महिला मंडली द्वारा ढोलक-मंजीरे की थाप पर माता के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई, 'फूल बरसाओ डागरिया में माता रानी आयी है नागरिया में' , दर्शन दे दो ललिता मैया अखिया देखन को ललचाय' जिस पर उपस्थित भक्त भाव-विभोर होकर नाचने लगे। रात्रि में २१ ब्राह्मणों द्वारा भव्य सत्य चंडी महापाठ का आयोजन हुआ। इस पाठ के मुख्य यजमान संजीव अग्रवाल रहे, जबकि पाठ का नेतृत्व आचार्य पंडित शिव मूरत मिश्रा ने किया। मीडिया प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि शारदीय नवरात्र के तृतीय दिवस पर माँ के चंद्रघंटा स्वरूप में महाश्रृंगार किया जाएगा। इसी क्रम में मां कल्याणी ने हस्त कमंडल तप मुद्रा में ब्रह्मचारिणी मैया के रूप में भक्तों को दर्शन दिये। प्रातः ५:१५ बजे माँ का पूजन कर महामंत्री पं. श्याम जी पाठक ने मां की मंगलाचरण की पूजन विधि विधान पूर्वक करते हुए मंगला आरती उतारी। मां का महाभिषेक, पूजन कर मां कल्याणी का दिव्य ब्रह्मचारिणी स्वरूप का श्रृंगार किया गया। माँ तप की मुद्रा में खड़ी अपने हाथों में कमण्डल एवं जप माला धारण किये थीं।

घर एवं मंदिरोंमें महिलाओंने मंगल गीत गाकर मांको रिझाया, त्रिपुर सुंदरीका भव्य श्रृंगार, कमण्डल तप मुद्रामें मांका किया दर्शन

पं.पंडित सुशील पाठक ने बताया कि मां के गर्भगृह को फूलों एवं जरी से सजाया गया है और शारदीय महापर्व में भक्तों ने पूजन कर यज्ञमण्डप की परिक्रमा की।

चायकी दुकानपर युवकको घेरकर पीटा

धूमनगंज थाना क्षेत्र के प्रीतमनगर में रविवार शाम चाय की दुकान पर बैठे युवक पर हमला कर दिया गया। आरोप है कि शौर्य, अखिल और उनके साथ आए १०-१२ युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर मानस यादव के सिर पर लोहे के कड़े और ईंट से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। मुंडेरा गांव निवासी विनोद कुमार यादव के मुताबिक, उनका बेटा मानस यादव रविवार शाम अपने दोस्तों आदित्य और राज के साथ प्रीतमनगर स्थित अपनी नानी के घर आया था। वहां से निकलने के बाद तीनों एक चाय की दुकान पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान शौर्य, अखिल और उनके साथ १०-१२ अन्य युवक वहां पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने राज के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इस पर मानस ने विरोध करते हुए उन्हें ऐसा करने से मना किया तो आरोपितों ने उस पर हमला कर दिया। लोहे के कड़े और ईंट से सिर पर वार किए जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और काफी खून बहने लगा। आरोप है कि हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। धूमनगंज पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है।

कार रोककर मारपीट के मामले में दूसरे पक्षसे भी एफआईआर

जार्जटाउन के अमरनाथ झा मार्ग निवासी हेमंत की कार रोककर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी एफआईआर दर्ज की है। अल्लापुर के हादीगंज निवासी गप्पू ने आरोप लगाया कि १० अक्टूबर की रात करीब नौ बजे वह श्याम बुक डिपो के सामने से गुजर रहा था। वहां खड़ी बोलेरो में सवार हेमंत कुमार सिंह और उनके साथ मौजूद तीन अन्य लोगों ने गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

गप्पू का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे अरविंद समेत अन्य लोगों पर भी ईंट-पत्थर से हमला किया गया। उसने घटना का वीडियो होने का भी दावा किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अधिवक्ताओंने डिप्टी सीएम केशव एवं सांसद राधाकांतका किया अभिनंदन

भाजपा काशी प्रकोष्ठ की ओर से सोमवार को आयोजित अधिवक्ता समागम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य राधा कांत ओझा का अभिनन्दन किया गया। उन्होंने



अधिवक्ता समाज ने सदैव देश को दिशा दमने का काम किया है। आगे भी से सजग प्रहरी के रूप में कार्य करते रहेंगे। जिला पंचायत सभागार में हुए कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सदस्य एवं हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राधाकांत ओझा ने कहा कि विपक्ष राष्ट्र को अस्थिर करने के षड्यंत्र में लगा है लेकिन भाजपा कार्यकर्ता मा भारती की सेवा में सीना तानकर खड़े हैं । विपक्ष को उसके नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं होने देंगे। आंदोलन के नाम पर अनैतिक रूप अधिवक्ता समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने डिप्टी सीएम श्री मौर्य और राज्यसभा सदस्य श्री ओझा को माला पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी सॉलिसिटर जनरल पूर्व प्रदेश संयोजक विधि प्रकोष्ठ ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। संचालन इलहाबाद हाईकोर्ट के उपाध्यक्ष और भाजपा विधि प्रकोष्ठ के काशी क्षेत्र सह संयोजक आशुतोष पांडेय ने किया। इस अवसर पर एमएलसी अनूप गुप्ता, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रणजीत सिंह, अवधेश चंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, निर्मला पासवान, राजेश शुक्ल, महापौर, नीरज त्रिपाठी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, दीपक पटेल, सुरेंद्र चौधरी, जयवर्धन त्रिपाठी, अरविंद सिंह, देवेंद्र नाथ मिश्रा, शक्ति सिंह, अमरेंद्र नाथ मिश्र,राजेंद्र मिश्र, शैलेश पांडेय, विक्रमजीत सिंह भदौरिया आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

घरमें घुसकर बुजुर्ग महिलासे मारपीट, धमकी

धूमनगंज क्षेत्र के उमरपुर नीवा में घर में घुसकर ६० वर्षीय वृद्धा और उनकी नातिन से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि राजू यादव अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वृद्धा के घर में घुस गया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसके बाद वृद्धा और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपित भाग निकले।

पीड़िता गायत्री देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर के आंगन में बैठी थीं। तभी राजू यादव दो युवकों के साथ जबरन घर में घुस आया। पूछताछ करने पर आरोपित गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी नातिन को भी पीटा गया। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटने लगे तो आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। वृद्धा ने परिवार के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने घटना की सूचना डायल ११२ पर देने के साथ ही धूमनगंज थाने में प्रार्थना पत्र दिया। धूमनगंज पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

प्लाटपर कब्जेका विरोध करनेपर सेवानिवृत्त सीओ से मारपीट

कमरोंमें ताला लगाकर जमीनपर कब्जेकी कोशिश, मुकदमा

कर्नलगंज में प्लाट पर कब्जे की कोशिश का विरोध करने पर सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) कुलभूषण ओझा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। उन्होंने पड़ोसियों पर प्लॉट में गेट लगाने, निर्माण कराने, कमरों में ताला बंद करने और विरोध करने पर गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर कर्नलगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

एफआईआर के मुताबिक, कुलभूषण ओझा ने लाला राम नारायण रोड के पास स्थित प्लॉट रजिस्टर्ड एग्रीमेंट और रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदा था। जमीन पर दो कमरे और शौचालय बने हुए हैं। आरोप है कि सात मई २०२६ को वह अपने प्लॉट पर पहुंचे तो पड़ोसी बबलू समेत अन्य लोग वहां निर्माण करा रहे थे। उनकी जमीन पर गेट लगाने के साथ दरवाजा खोलने, रैंप और बारजा बनाने का काम किया जा रहा था। दोनों कमरों में ताला भी लगा दिया गया था। कुलभूषण ओझा ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की और गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उनसे आधा प्लॉट देने का दबाव बनाया गया। ऐसा नहीं करने पर पूरी जमीन पर कब्जा करने की बात कही गई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि इससे पहले प्लॉट की आगे और पीछे की बाउंड्री गिराकर जमीन पर कब्जे का दबाव बनाया गया था। कर्नलगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मांके चंद्रघण्टा स्वरूपका दर्शन-पूजन आज



,मां दुर्गा के तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्र उपासना के तीसरे दिन की पूजा का आध्यात्मिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-अराधना की जाती है। इस दिन साधक को मन 'सुणिपूर' चाक में प्रविष्ट होता है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते है। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और दिन की पूजा का आयधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के त्रिग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का कई तरह की ध्वनियां सुनाई देने लगती है। देवी का चन्द्रघण्टा स्वरूप परम शांति दायक और कल्याणकारी है। इसलिए कहा जाता है। कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना। करना चाहिए। उनका ध्यान घरतीलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घण्टे के आकार का आधा चंद्र होने के कारण इस देवी को चंद्रघण्टा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हांथ है। वे खड्ग और अन्य अखशस्त्र से विभूषित है। सिंह पर सवार इस देवी की मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने का है। इसके घण्टे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव दैत्य और राक्षस कांपते रहते है। इसके घण्टे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दान-दैत्य और राक्षस कांपते रहते है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक बस्तुओं के दर्शन होते है। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होती है और कई तरह की ध्वनियां सुनायी देने लगती है। इन क्षणों में साधक को बहुत सावधान रहना चाहिए।

पण्डालोंमें विराजीं मां जगदम्बाकी श्रद्धालुओंने की आराधना

नवरात्र के प्रथम दिन नगर के कई दुर्गा पूजा पण्डालों में विराजीं मा जगदम्बा की आराधना में दूसरे दिन भी श्रद्धाल जुटे रहे। सोमवार को मां के ब्रह मचारिणी स्वरूप का पूजन



अर्चन एवं दर्शन कर अपनी और अपने परिवार की मंगल कामना की। इस दौरान पण्डालों में स्थापित घट का श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। बता दें कि रविवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा की प्रतिमा कई जगह पूजा पण्डालों में स्थापित की गयी। प्रतिमा स्थापित होने के बाद मोहल्ले के लोगों ने पण्डालों में ही कलश भी स्थापित कर पूजन अर्चन किया। दूसरे दिन छोटा बघाड़ा, मुट्ठीगंज स्थित गुड़मंडी, दारागंज स्थित कुशवाहा कालोनी सहित अन्य सजे पण्डालों में मां की आराधना की गयी। बता दें कि बारवारी कमेटियों की ओर से नगर में सजे दुर्गा पण्डालों में नवरात्र की षष्ठी को मां दुर्गा की प्रमिताओं को स्थापित करने की परम्परा है। लेकिन नगर में छोटा बघाड़ा, दारागंज, अल्लापुर, एलनगंज आदि मोहल्लों में सजे पण्डालों में नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित गयी हैं। जहां पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है।

अधिवक्ताओंने मुख्य चुनाव आयुक्तका फूंका पुतला

इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हाईकोर्ट से सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे तक मार्च निकाला। जंतर-मंतर पर वकीलों से कथित बदसलूकी को लेकर वकीलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंक कर अपनी नाराजगी जतायी।अधिवक्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग भी की।प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता प्रभावित हुई है। वकीलों ने 'वोट चोरी' का मुद्दा उठाते हुए कहा कि ऐसे गंभीर आरोपों के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त को अपने पद पर बने रहने के बजाय इस्तीफा दे देना चाहिए।

बच्चोंको खूब लुभायेगा नेतानगर बारवारीका दुर्गापूजा पण्डाल

'पेरिस आफ डिज्नीलैंड' की तर्जपर तैयार हो रहा पण्डाल

नेतानगर बारवारी दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से इस वर्ष ६९वें वर्ष का महोत्सव आयोजित किया जाएगा। कमेटी ने महोत्सव को यादगार बनाने के लिए इसे बच्चों को समर्पित करने का निणय लिया है। इसीलिए पंडाल की थीम 'पेरिस का डिज्नीलैंड' रखा गया है। जिसका काम १४ अक्तूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। पूजा कमेटी की ओर से थीम पर आधारित पंडाल का निर्माण कार्य ३० अगस्त से नेतानगर के दुर्गा पूजा पार्क में शुरू हुआ है। पंडाल कोलकाता से आए १५ कारीगर तैयार कर रहे हैं। पंडाल का मुख्य द्वार और उसके भीतर का पूरा कार्य थर्माकोल, फोम आर्ट व झूमर की रंगबिरंगी लाइट से हो रहा है। जहां बच्चों के लिए डोरेमोन एवं मिक्की माउस सहित एक दर्जन कार्टून कैरेक्टर दिखाए जाएंगे। वहीं मां दुर्गा की १४ फीट ऊंची मूर्ति यहीं तैयार कराई जा रही है। मां अपने परिवार के साथ पंडाल में नवरात्र की षष्ठी तिथि १६ अक्तूबर को विराजेंगी। कोलकाता से आमंत्रित किए गए पुरोहितों के जरिए प्राण-प्रतिष्ठा कराई जाएगी।



कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि तीन महीने पहले पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से डिज्नीलैंड की तर्ज पर पंडाल तैयार करने की संस्तुति की थी। हमारा प्रयास है कि अपने नगर के बच्चों को पेरिस के डिज्नीलैंड जैसा ही एहसास महोत्सव के दौरान हो।

सिपाहीके सूने घरसे तीन लाखके गहने एवं नकदी चोरी

तीन मोबाइल एवं कीमती सामान भी उठा ले गये शातिर, सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

धूमनगंज के कालिंदीपुरम में चोरों ने एयरपोर्ट पर तैनात कांस्टेबल के किराये के मकान को निशाना बनाया। पांच और छह अक्टूबर की मध्यरात्रि घर में घुसे चोर तीन मोबाइल फोन, करीब तीन लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण, १४ हजार रुपये नकद और अन्य कीमती सामान समेट ले गए। सुबह ड्यूटी पर जाने के लिए उठे कांस्टेबल को मोबाइल गायब मिला तो चोरी का पता चला। धूमनगंज पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से फतेहपुर निवासी कांस्टेबल दिलीप कुमार सिविल एयरपोर्ट प्रयागराज में तैनात हैं। वह धूमनगंज के राजरूपपुर स्थित कालिंदीपुरम एलआइजी में परिवार के साथ किराये पर रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि पांच और छह अक्टूबर की रात करीब १२ बजे से सुबह ४:४५ बजे के बीच चोर घर में घुस गए।

सुबह ड्यूटी पर जाने के लिए उठे तो उनका मोबाइल फोन गायब था। इसके बाद घर के अन्य सामान की जांच की तो दो और मोबाइल फोन भी नहीं मिले। चोर सोने की चेन, अंगूठी, कान के टॉप्स, मंगलसूत्र और चांदी की पायल भी ले गए थे। चोरी गए आभूषणों की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा १४ हजार रुपये नकद, बैग, कपड़े और अन्य सामान भी गायब मिले। बतादें की धूमनगंज थाना क्षेत्रमें इसके पहले भी चोरी की कई घटनायें हो चुकी हैं। मुकदमे तो दर्ज हैं लेकिन शातिर चोर नहीं पकड़े जा सके हैं। धूमनगंज थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है । आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर

मुंडेरा मंडीमें पांच बोरी प्याज चोरीकी एफआईआर

धूमनगंज क्षेत्र स्थित नवीन सब्जी मंडी मुंडेरा में चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाकर पांच बोरी प्याज पार कर दिया। चोरी गए प्याज की कीमत करीब १८ से १९ हजार रुपये बताई गई है। वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। फुटेज में तीन संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं, जो ई-रिक्शा से दुकान पर पहुंचे थे। पुलिस मुकदमा दर्ज कर शातिरों की तलाश कर रही है।

मुंडेरा मंडी में दुकान संचालित करने वाले डीएन त्रिपाठी ने धूमनगंज थाने में दी गई तहरीर में बताया कि आठ अक्टूबर की रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात नौ अक्टूबर को करीब १:५३ बजे तीन अज्ञात व्यक्ति ई-रिक्शा से दुकान पर पहुंचे। इसके बाद दुकान से पांच बोरी प्याज चोरी कर ले गए। सुबह करीब तीन बजे दुकानदार दुकान पर पहुंचे तो प्याज गायब मिला। इसके बाद उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी। इसमें तीन संदिग्धों की गतिविधियां दिखाई दीं। दुकानदार ने पुलिस से फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान करने, ई-रिक्शा चालक की भूमिका की जांच करने और चोरी गया प्याज बरामद करने की मांग की है। दुकानदार ने तहरीर में कहा है कि नवीन सब्जी मंडी में पहले भी कई दुकानों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने और पूर्व में हुई चोरियों की भी जांच कराने की जरूरत है।

सीसीटीवी कैमरेमें कैद हैं तीन संदिग्ध, तलाश

पुलिसने गुम एवं चोरी हुए २२५ मोबाइल कराये वापस

६५.२० लाख रुपयेके मोबाइल पाकर खिले लोगोंके चेहरे

कमिश्नरेट पुलिस की सर्विलांस सेल ने गुम और चोरी हुए २२५ मोबाइल फोन बरामद कर सोमवार को उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब ६५ लाख २० हजार रुपये है। पुलिस लाइन में अपना खोया मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खिल उठे।डीसीपी नगर सागर जैन ने बताया कि मोबाइल फोन बरामद करने के लिए सर्विलांस सेल की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर भौतिक जांच, कॉल रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, सीईआईआर पोर्टल और लोकेशन ट्रैकिंग की मदद ली गई। इन प्रयासों से २२५ मोबाइल फोन का पता लगाकर उन्हें बरामद किया गया और उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिया गया डीसीपी नगर ने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर स्थानीय थाने में सूचना देने के साथ सीईआईआर पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराएं। इसके लिए मोबाइल की रसीद और पहचान पत्र के साथ आवश्यक विवरण उपलब्ध कराएं। शिकायत अपलोड होने के बाद मोबाइल नंबर पर रिक्वेस्ट नंबर प्राप्त होता है। गुम हुए मोबाइल में किसी अन्य व्यक्ति की ओर से सिम डालकर इस्तेमाल किए जाने पर सूचना मिलने से पुलिस को उसकी लोकेशन का पता लगाने और बरामदगी में मदद मिल सकती है।